पत्रांक–07 / विविध–3 / 2021 (अंश–'ख')....1812....

**बिहार सरकार**
**शिक्षा विभाग**
(प्राथमिक शिक्षा निदेशालय)

प्रेषक,

**साहिला, भा0प्र0से0**
निदेशक प्राथमिक शिक्षा

सेवा में,

सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी,
बिहार।

पटना, दिनांक :....30/06/2025....

विषय : **दिनांक 5 जुलाई को निपुण दिवस के आयोजन के संबंध में।**

महाशय,

आप अवगत हैं कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुशंसाओं के आलोक में मिशन निपुण भारत का शुभारंभ 5 जुलाई 2021 को भारत सरकार के द्वारा किया गया था। इसके तहत बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान (FLN) के कौशलों को कक्षा 1, 2 एवं 3 के बच्चों में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बिहार सरकार के द्वारा लक्ष्य की प्राप्ति हेतु मिशन निपुण बिहार संचालित किया जा रहा है एवं लक्ष्य को ससमय पूरा करने के लिए कई गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

5 जुलाई 2025 को मिशन निपुण बिहार (भारत) के 4 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस अवसर पर जिला एवं विद्यालय स्तर पर निपुण बिहार से जुड़े हितधारकों के साथ मिलकर दिनांक 5 जुलाई निपुण दिवस आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर विद्यालय एवं जिला स्तर पर निम्नांकित कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं –

1. **निपुण लक्ष्य एवं निपुण लोगो का प्रदर्शन** – हितधारकों को कार्यक्रम के प्रति जागरुक करने के लिए सभी विद्यालयों में निपुण बिहार लोगो एवं निपुण लक्ष्य (संलग्नित) का प्रदर्शन प्रमुखता से किया जाए।

   जिला कार्यालय एवं प्रखंड संसाधन केन्द्रों के भवन के बाहर भी प्रमुखता से निपुण लोगो एवं लक्ष्य का प्रदर्शन कराया जाए।

2. **निपुण बैनर/होर्डिंग** – जिला समाहरणालय एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय के बाहर निपुण बिहार से संबंधित बैनर/होर्डिंग प्रदर्शित किए जाएं। इसी प्रकार के बैनर/होर्डिंग प्रखंड संसाधन केन्द्रों एवं प्रखंड कार्यालय में भी प्रदर्शित किए जाएं।

3. **निपुण गीत बजाना** – इस दिन विद्यालयों में चेतना सत्र के दौरान निपुण गीत बजाना सुनिश्चित किया जाए।
4. **निपुण बच्चों का सम्मान** – वर्ग 1 से 3 के ऐसे बच्चे जिन्होंने भाषा और गणित की कक्षावार दक्षताएं प्राप्त कर ली हैं, उनको "मैं हूँ निपुण" बैज से सम्मानित किया जाए।
5. **निपुण शिक्षक का चयन** – कक्षा 1 से 3 में पढ़ाने वाले ऐसे शिक्षकों को प्रधानाध्यापक चिन्हित कर सकते हैं एवं जिला स्तर पर उनके नाम की अनुशंसा कर सकते हैं जिनकी कक्षा के कम से कम 80 प्रतिशत छात्र बुनियादी भाषा एवं गणित के कौशलों से पूर्ण हो गए हैं। ऐसे शिक्षकों को निपुण शिक्षक के रुप में जिला एवं राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

आपको निदेशित किया जाता है कि उपर्युक्त गतिवियों को विद्यालय, प्रखंड एवं जिला स्तर पर प्रभावी रुप से संचालित करने के लिए आवश्यक निदेश देना सुनिश्चित करेंगे।

आपका सहयोग मिशन निपुण बिहार की सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है।

विश्वासभाजन

**अनुलग्नकः– यथोक्त**

30/6/25
(साहिला)
निदेशक, प्राथमिक शिक्षा

ज्ञापांकः– 07/विविध–3/2021 (अंश–'ख') 1812 पटना, दिनांक 30/06/2025
प्रतिलिपि : राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

30/6/25
निदेशक, प्राथमिक शिक्षा

ज्ञापांकः– 07/विविध–3/2021 (अंश–'ख') 1812 पटना, दिनांक 30/06/2025
प्रतिलिपि : अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

30/6/25
निदेशक, प्राथमिक शिक्षा